an>

Title: Regarding developing of tourism in West Rajasthan and releasing the balance amount due of the Godwad circuit Development Scheme.

**श्री पी.पी.चौधरी (पाली) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान के पाली क्षेत्र से आता हूँ। पश्चिमी राजस्थान के गोडवाड सर्किट के जिला पाली, जालौर और सिरोही के पर्यटन विकास की योजना भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई थी। इस परियोजना हेतु धनराशि का आबंटन किया गया था। अभी तक 128 लाख रुपये इसके लिए जारी किये जा चुके हैं। इस परियोजना से मेरे लोक सभा क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध रणकपुर, नरवारिया और जवई बांध क्षेत्र के साथ-साथ अनेक पुरातत्व स्थलों और विरासतों का संरक्षण किया जा सकेगा जिससे नाडोल, घनेरा व नीमच भी शामिल हैं। अतः मेरा सदन के माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री भारत सरकार से अनुरोध है कि पश्चिमी राजस्थान के पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु गोडवाड सर्किट विकास योजना की बकाया राशि शीघ्र रिलीज़ करने की कृपा करें जिसका प्रस्ताव राजस्थान सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजा जा चुका है।